दैनिक भास्कर 06/02/2026

बैंकिंग विवरण किसी के साथ साझा न करें : अमिता

अम्बाला | मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रवीन के मार्गदर्शन में डीएलएसए की ओर से गुरुवार को अम्बाला छावनी स्थित जीएनएम कॉलेज में जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता अमिता वर्मा ने बच्चों को साइबर अपराधों से बचने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। साइबर अपराध में ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, हैकिंग, पहचान की चोरी व सोशल मीडिया के माध्यम से धोखाधड़ी जैसे अपराध शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अम्बाला के हेल्प लाइन नंबर 0171-2532142 और नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।